प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद लखनऊ के रहने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से किया संवाद : कहा– नये युग का शुभ आरम्भ है यह यात्रा ।
2. प्रधानमंत्री कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात में देश विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार : आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा कार्यक्रम।
3. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 30 जून को प्रस्तावित दो दिवसीय गोरखपुर दौरे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज तैयारियों का लिया जायजा : कहा– राष्ट्रपति की भव्य अगवानी करेगा गोरखपुर। और
4. प्रदेश के कई जनपदों में आज बारिश ने गर्मी से दिलाई राहत : मौसम विभाग ने राज्य में अगले चार दिनों तक गरज चमक के साथ बारिश का जारी किया ऑरेंज अलर्ट।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद लखनऊ के रहने वाले भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने शुभांशु को अंतरिक्ष में परचम लहराने के लिये शुभकामनाएं

दी। श्री मोदो ने शुभांशु का हालचाल जाना और कहा कि आपकी यात्रा नये युग का शभ आरम्भ है। बाइट.....

*आपकेनाम में भी शुभ है और आपकी यात्रा नए युग का शुभ आरंभ भी है। इस समय बात हम दोनोंकर रहे हैं लेकिन मेरे साथ 140 करोडभारत वाचियों की भावनायें भी हैं। मेरी आवाज में सभी भारतियों का उच्छा और उमंगशामिल है। अंतरिक्ष में भारत का पर्चम लहराने के लिए मैं आपको हार्दिक बढ़ाई औरशुपकामनाय देता हूं। मैं ज्यादा समय नहीं ले रहा हूं तो सबसे पहले तो ये बताइये वहां सब कुशल मंगल है। आपकी तबयत ठीक है।*

शुभांशु......

*जी प्रदानमंत्री जी बहुत बहुत धन्यवादआपकी विशेस का और 140 करोडमेरे देशवासियों के विशेस का। मैं यहां बिलकुल ठीक हूं, सुरक्षित हूं। आप सबके आशिर्वाद औरप्यार की वज़े से बहुत अच्छा लग रहा है। बहुत नया एक्सपीरियंस है ये। ये जो मेरी यात्रा है, ये पृत्वी से ओर्बिट की 400 किलोमीटर तक की छोटी सी यात्रा है। येसिर्फ मेरी नहीं है। मुझे लगता है कहीं न कहीं हमारे देश की भी यात्रा है।*

शुभांशु ने प्रधानमंत्री और देशवासियों की शुभकामनाओं के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिये गर्व की बात है कि मैं अपने देश का प्रतिनिधित्व कर पा रहा हूं।

कैप्टन शुभांशु शुक्ला न केवल भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री हैं, बल्कि स्पेस स्टेशन पर पहुंचने वाले पहले भारतीय भी हैं। करीब चार दशक पहले विंग कमांडर राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत मिशन के तहत अंतरिक्ष की यात्रा की थी। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को लेकर एक्सिओम–4 मिशन बुधवार को अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था।

—————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सोधे प्रसारित होगा।

आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित होगा।

—————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 30 जून और 1 जुलाई के प्रस्तावित दो दिवसीय गोरखपुर दौरे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज तैयारियों का जायजा लिय़ा। उन्होंने कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के साथ राष्ट्रपति के प्रस्तावित यात्रा मार्ग का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोरखपुर राष्ट्रपति की भव्य अगवानी करेगा। पेश है एक रिपोर्ट.....

*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 30 जून को एम्स गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होंगी, जबकि अगले दिन एक जुलाई को वह भटहट के पिपरी में बने राज्य के पहले महायोगी गुरुगोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण और सोनबरसा बालापार में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में*

*अकादमिक भवन, ऑडिटोरियम, पंचकर्म केंद्र का लोकार्पण और गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगी। आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के बाद राष्ट्रपति गोरखनाथ मंदिर जाएंगी। राष्ट्रपति के गोरखपुर दौरे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन आज भटहट के पिपरी स्थित आयुष विश्वविद्यालय का भ्रमण–निरीक्षण किया और सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। श्री योगी ने आज गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की। गिरीश चौबे आकाशवाणी समाचार गोरखपुर।*

——————

केंद्रीय राज्य मंत्री बी एल वर्मा आज झांसी में भाजपा द्वारा आपातकाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बीजेपी आपातकाल को काला दिवस के रुप में मना रही है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता आपातकाल के दौर को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। बाइट.....

*25 जून 1975 को आपातकाल लगा। 25 जून को पचास वर्ष पूरे हुए आपातकाल के। भारतीय जनता पार्टी का एक–एक कार्यकर्ता इस आपातकाल की चर्चा जन–जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। बिना मंत्रिपरिषद बुलाए हुए, बिना देश के लोगों को विश्वास में लिये हुए। उन्होंने इस आपातकाल लगाने की घोषणा राष्ट्रपति को दी।*

——————

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग ने कल से शुरु हो रही उत्तर प्रदेश पीसीएस मेंस परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्य परीक्षा 2024 कल से 2 जुलाई 2025 तक प्रयागराज और लखनऊ के परीक्षा केंद्रों पर दो

पालियों सुबह 9 बजे से 12 बजे और दोपहर 2 बजकर 30 मिनट से शाम 5 बजकर 30 मिनट तक आयोजित होगी।

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

प्रदेश के नगर विकास विभाग ने आगामी श्रावण मास की कांवड़ यात्रा, सावन मेला और अन्य त्योहारों के दृष्टिगत नगरीय निकायों में सफाई, रोशनी और पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये व्यापक योजना शुरू की है। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने सभी शहरी निकायों को सुबह 5 बजे से 8 बजे तक प्रतिदिन सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। एक रिपोर्ट....

*घाटों और कांवड़ यात्रा मार्गों पर खास ध्यान देते हुए वहां विशेष सफाईकर्मी तैनात किए जाएंगे। कांवड़ मार्गों पर नियमित अंतराल पर पेयजल की व्यवस्था की जाएगी और कांवड़ यात्रा को जीरो प्लास्टिक इवेंट के रूप में आयोजित किया जाएगा। यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर*

*निगमों में इंटीगेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की सहायता ली जाएगी। प्रत्येक नगरीय निकायों में नगर आयुक्त या अधिशासी अधिकारी की अध्यक्षता में एक समर्पित निगरानी सेल गठित की जाएगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से ओम अवस्थी।*

——————

श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने आज अयोध्या में श्रीरामलला मंदिर निर्माण संबंधी कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। श्री मिश्र ने बताया कि जुलाई अंत तक सभी निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि देश में पहली बार श्रीरामलला के मंदिर के भूतल, प्रथम तल और द्वितीय तल की खिड़कियों में टाइटेनियम धातु की जाली लगाई जाएगी। बाइट.....

*पूरे देश में पहली बार टाइटेनियम धातु की जो हमारे मंदिर में प्रथम तल, भू–तल और तृतीय तल पे बड़ी–बड़ी खिड़कियां है, तो उन पर टाइटेनियम धातु से जो है जाली लगाई गई है, जो अपने में अनोखी है, क्योंकि आप जानते है कि टाइटेनियम का जीवन बहुत लम्बा व एक हजार वर्ष से ज्यादा माना जायेगा और कुल मिला करके करीब–करीब 32 जाली लगेंगी।*

——————

क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ की आम सभा की बैठक 26 जुलाई को होगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर नवनीत सहगल की अध्यक्षता में आज हुई कार्यकारिणी की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक गोमती नगर स्थित बीबीडी एकेडमी में हुई। एसोसिएशन के सचिव के. एम. खान ने बताया कि इस सभा में एसोसिएशन से पंजीकृत

सभी इकाइयों के अध्यक्ष अथवा सचिव में से एक सदस्य ही शामिल हो सकता है।

——————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता के बीच आज वाराणसी जौनपुर अमरोहा समेत  कई जनपदों में तेज बारिश हुई जिससे लोगों कोगर्मी और उमस से राहत मिली। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक प्रदेश में गरज चमक के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। लखनऊ मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि एनसीआर क्षेत्र कवर करने के बाद मॉनसून पूरे प्रदेश में सक्रिय हो गया है। बाइट.....

*इसके बाद इसमें 24 और 25 जून को भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ और भागों में आगे बढ़ा, लेकिन अभी भी दिल्ली एनसीआर के आसपास का पश्चिमी उत्तर प्रदेश का हिस्सा थोड़ा सा बचा हुआ है। अगले तीन–चार दिनों में वहां पर मानसून आगे बढ़ने और संपूर्ण प्रदेश को कवर कर लेने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।*

(समाप्त)